हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 24 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है।

सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट इक्का को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*1942 में रांची में जन्मे लॉस्क नायक एल्बर्ट एक्का का दिसम्बर 1962 में 14 गार्डस में भर्ती हुए थे। 1971 में भारत पाकिस्तानी युद्ध के दौरान 14 गार्डस को पूर्वी क्षेत्र में अगरतला से साढे छह किलोमीटर पश्चिम में गंगा सागर में एक पाकिस्तानी ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। 14 गार्डस ने दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया और हमलावर भारतीय सैनिकों पर दुश्मनों की ओर से छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। लॉस्क नायक एका ने देखा कि एक दुश्मन की मशीनगन बंकर से घातक गोलीबारी कर रही थी। जिससे उनकी कंपनी को भारी नुकसान हो रहा था। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने बंकर पर हमला किया और दुश्मन के दो जवानों को मार गिराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद लॉस नायक अल्बर्ट एका ने दुश्मन के बंकर पर आक्रमण जारी रखा। जब वह अपने साथियों के साथ लक्ष्य के उत्तरी छोर पर पहुंचे तो एक इमारत से दुश्मन ने मशीनगन से गोलीबारी की जिससे भारी नुकसान हुआ। एक बार फिर लॉस नायक एल्बर्ट एक्का आगे बढते हुए इमारत में रैंगते हुए गए और बंकर पर एक ग्रेनेट फैंका जिससे एक दुश्मन सैनिक मारा गया और दूसरा घायल हो गया। जिससे इनकी कंपनी को और अधिक हताहत होने से बचाया गया और सफलता सुनिश्चत हुई। युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण लॉन्स लायक एल्बर्ट एका शहीद हो गए। विशिष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करने के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

***********

फरीदाबाद जिले के मछगर गांव के वीर सपूत मेजर सतेंद्र सिंह धनखड़ को अदम्य साहस और वीरता के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें जून 2024 में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक आतंकवाद विरोधी अभियान में उल्लेखनीय नेतृत्व और वीरता के लिए प्रदान किया गया। मेजर सतेंद्र उस समय कम्पनी कमांडर के पद पर तैनात थे, जब उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवादियों से लोहा लेते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन में उनके पैर में गोली लगने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने न केवल अपनी टीम की जान बचाई, बल्कि देश की रक्षा में अपना अद्वितीय योगदान भी दिया।

********

हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने चरखी दादरी जिले की बाढ़डा खंड की ग्राम पंचायत हंसावास खुर्द एवं बाढ़डा तथा  झज्जर जिले के बादली खंड की ग्राम पंचायत बादली व एम.पी. माजरा तथा फैजाबाद ग्राम पचांयतों के पंचों व सरपंचों के आमचुनाव की अधिसूचना जारी की है।हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना अनुसार नामांकन  पत्र रविवार व राजपत्रित अवकाश के दिनों को छोड़कर आज से 30 मई तक जमा करवाए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 31 मई को प्रात: 10 बजे से की जाएगी। नामांकन पत्र 2 जून तक दोपहर बाद 3 बजे तक वापिस लिए जा सकते हैं।मतदान 15 जून को प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। मतगणना मतदान खत्म होने  पर उसी दिन मतदान केंद्रों पर की जाएगी और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। यदि किसी मतदान केंद्र पर पुन: मतदान की जरूरत पड़ी  तो मतदान 17 जून को होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

*********

भारतीय कुश्ती संघ के तत्वाधान में पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में 25 मई से 27 मई तक राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। केंद्र शाशित प्रदेश के भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष दर्शन लाल ने पलवल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 600 खिलाड़ी भाग लेगें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विजेता खिलाड़ी वियतनाम में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें।

******

हरियाणा में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। गुरुग्राम में एक बुजुर्ग महिला व फरीदाबाद के एक 28 वर्षीय युवक में कोरोना के लक्षण मिले है। इनमें कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।

भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य ने बताया भिवानी जिला इस के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा –